भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 802

जिसका उत्तर दिनांक 27.07.2023 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर देश की निर्भरता कम करना

802 श्री के.आर.एन. राजेश कुमार :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कई विकसित देश अपने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को बंद कर रहे हैं और हरित ऊर्जा को अपना रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार विकसित राष्ट्र के अनुरूप परमाणु बिजली संयंत्रों पर देश की निर्भरता को कम करने पर विचार कर रही है;

(ग) यदि हां, तो देश में परमाणु बिजली संयंत्र कब तक बंद हो जाएँगें; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) जी, नहीं। अधिकांश विकसित देश अपने नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम को जारी रख रहे हैं।

(ख) जी, नहीं। नाभिकीय ऊर्जा उच्च क्षमता वाली स्वच्छ और कार्बन मुक्त ऊर्जा है जो देश को सतत रूप से दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा प्रदान कर सकती है। इसलिए भारत अपने नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम को आगे बढ़ाना जारी रखेगा।

(ग) तथा (घ) प्रश्न नहीं उठता।

* * * * *